**12/10/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज तिराप ज़िले के दोनवांग कामहुआ को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 71वीं रैंक हासिल करने पर बधाई दी। सोशल मीडिया पर इस खबर को साझा करते हुए, उन्होंने दोनवांग की शैक्षणिक उत्कृष्टता की यात्रा की सराहना की। श्री खांदू ने लिखा कि, दोनवांग 2024 में रामकृष्ण मिशन स्कूल से 12वीं कक्षा के टॉपर रहें और उन्हें IDBI बैंक गोल्डन जुबली स्कॉलरशिप भी प्राप्त हुआ।

0000000000000000000000

कल ईटानगर में आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता में, लोकसभा सांसद तापिर गाओ ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आगामी सरदार 150 यूनिटी मार्च की घोषणा की। 'एकता मार्च: एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आधारित यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक पूरे राज्य और सभी जिलों में आयोजित किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान, राज्य के युवाओं और नागरिकों से एकता मार्च में सक्रिय रूप से भाग लेने और एक मजबूत, एकजुट और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

0000000000000000000000

लेपरदा ज़िले के बासार स्थित राज्य बागवानी अनुसंधान एवं विकास संस्थान ने बेगोनिया की एक नई प्रजाति की खोज की है। इस शोध दल का नेतृत्व ईगाम बासार ने किया, जिसमें विशेषज्ञ डॉ. दीपू दीपांकर बोरा, डॉ. मोमांग ताराम और डॉ. कृष्णा चाउलू शामिल थे। इस खोज के बाद, शोधकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री चाउना मेन के सम्मान में नई प्रजाति का नाम 'चाउना बुकु चुलु - आर्यारक्ता' रखा, जिसका अर्थ है "नोबल रेड"। उपमुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह भाव अभिभूत हुए हैं और उन्होंने स्वदेशी नामकरण के माध्यम से राज्य की समृद्ध जैव विविधता के दस्तावेजीकरण और प्रचार-प्रसार में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए शोध दल की हार्दिक सराहना की।

0000000000000000000000

राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा अरुणाचल कायाक, कैनो और राफ्टिंग एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय कायाकिंग प्रतियोगिता, "द मेचुखा कायाकिंग चैलेंज 2025" का कल सफल समापन हुआ। एडवेंचर@मेचुखा के बैनर तले 10 और 11 अक्टूबर 2025 को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में उत्साही भागीदारी देखी गई, जिसमें 6 महिलाएं और 13 पुरुष के कुल 19 कायाकर्स ने प्रतिस्पर्धा की।

मेचुखा कायाकिंग चैलेंज 2025 का सफल समापन साहसिक खेलों को बढ़ावा देने और साहसिक पर्यटन के लिए अरुणाचल प्रदेश की अपार क्षमता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है।

0000000000000000000000

आज, अरुणाचल प्रदेश लिट्रेरी सोसाइटी द्वारा ईटानगर कार्यालय परिसर में अध्यक्ष वाई. डी. थोंगची की अध्यक्षता में 146वीं मासिक साहित्यिक बैठक का आयोजन किया गया। नए उभरते साहित्य प्रेमियों को साहित्यिक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दिसंबर, 2008 में शुरू की गई इस साहित्यिक बैठक के परिणामस्वरूप राज्य के कई लेखकों को प्रेरणा मिली है, जिन्होंने अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है साथ ही कई प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है।

0000000000000000000000

तालो महिला कल्याण समिति ने गाँव बुढ़ा और गावं बुढ़ी के साथ मिलकर कल केई पन्योर जिले के तालो बाजार में अवैध रूप से बेची जा रही शराब को जब्त करने का एक सफल अभियान का आयोजन किया। यह अभियान स्थानीय लोगों, खासकर युवाओं में शराब के सेवन को रोकने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया गया।

इस बीच, समिति ने सभी निवासियों से जिले भर के अन्य समुदायों के लिए सामाजिक जिम्मेदारी और एकता की मिसाल कायम करने में सहयोग जारी रखने की अपील की है।

0000000000000000000000

भारतीय सेना और अरुणाचल प्रदेश के नागरिक प्रशासन के बीच तालमेल, समझ और सहयोग को बढ़ावा देना के उद्देश्य से स्पीयर कोर के स्पीयरहेड डिवीजन ने कल लिखाबली स्थित सिगार सैन्य स्टेशन में एक महत्वपूर्ण सैन्य-नागरिक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान मानवीय और आपदा राहत कार्यों, सीमावर्ती क्षेत्रों में एकीकृत विकास, सीमा पर्यटन और सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के विविध क्षेत्रों में सहयोगात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई।

0000000000000000000000

लोहित जिला स्थित वाकरो के लोहित कलाकार बेहेलती आमा और सारेंग रांगमांग ने नई दिल्ली में आयोजित कला प्रदर्शनी "मौन वार्तालाप: हाशिये से केंद्र तक" के चौथे संस्करण में पुरस्कार जीत कर राज्य को गौरवानवित किया हैं। उनकी कलाकृतियों ने बाघ और मिश्मी समुदाय के घनिष्ठ संबंध को खूबसूरती से उजागर किया। इस प्रदर्शनी में 17 राज्यों जिनमें बाघ अभयारण्य स्थित हैं वहां के 50 से अधिक आदिवासी कलाकारों ने भाग लिया।

आदिवासी समुदायों विशेष रूप से भारत के बाघ अभयारण्यों के संरक्षण के सिद्धांतों के बारे में जागरूकता फैलाना के उद्देश्य से, इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किया।

0000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्‌यालय के डिपार्टमेंट ऑफ़ एजुकेशन द्‌वारा कल ओजू वेलफेयर एसोसिएशन, नाहरलागुन में "माइ प्लेनेट, माइ रेस्पोंसिबिलिटी विषय पर एक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विभाग के MA 3rd सेमेस्टर के छात्रों ने पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया।

0000000000000000000000